Department of Higher Education
Govt. of Uttarakhand

उत्तराखण्ड राज्य

Entrepreneurship Development Institute of India
Ahmedabad

# Faculty Mentor Development Programme

**(5th to 10th December,2023)**

# फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम के नोडल अधिकारी बने डॉ. एस.के. गुप्ता

कोटद्वार(शाह टाइम्स)।राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में उत्तराखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना की शुरआत हो गयी है।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित किया जा रहा है तथा वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ एसके गुप्ता को महाविद्यालय में इस योजना के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।डॉ एसके गुप्ता ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात में 5 दिसंबर से 10 दिसंबर 2023 तक आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने जनरल एंटरप्राइजिंग टेंडेंसी टेस्ट के माध्यम से द्वितीय कोहर्ट में चयनित उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड के 39 प्रोफेसरो को उद्यमिता विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया है।देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ एसके गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय तथा आसपास के क्षेत्र के युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप , कौशल विकास तथा स्वरोजगार हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने हेतु यह

# देव भूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी व असिस्टेंट प्रोफेसर विपिन चंद्र द्वारा मेंटरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में किया गया प्रतिभाग

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**

**पौड़ी गढ़वाल, सतपुली।** उत्तराखंड में युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए उत्तराखंड सरकार ने राजकीय महाविद्यालयो में देवभूमि उद्यमिता योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर्स को दी गई है। प्रोफेसर, युवाओं में उद्यमिता का विकास किस प्रकार से करेंगे इस हेतु उत्तराखंड सरकार के द्वारा प्रोफेसर्स के 39 सदस्यीय द्वितीय दल को अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (UDII) में 05 से 10 दिसंबर तक प्रशिक्षण दिलाया गया। राजकीय महाविद्यालय सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल के देव भूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विपिन चंद्र के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। श्री विपिन चंद्र ने बताया की वउक्क के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला, देव भूमि उधमिता योजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ.अमित कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता डॉ. सत्य रंजन आचार्य, सिंटेक्स कंपनी के पूर्व एम.डी. श्री एस.बी. दंगायच, अदानी समूह के सीईओ श्री स्नेहल देसाई, डॉ.अमित कुमार, डॉ.निमिता पांडे आदि के द्वारा उन्हें मेंटरशिप का प्रशिक्षण दिया गया। श्री विपिन चंद्र ने बताया कि सतपुली महाविद्यालय में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्राध्यापको को देव भूमि उधमिता योजना से संबंधित पूरी जानकारी देने के लिए एक कैंप का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारी गणों ने श्री विपिन चंद्र को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

दैनिक जागरण 12 दिसंबर 2023 पृष्ठ संख्या 4

# मार्च तक उत्तराखंड के सभी कालेजों में होगी उद्यमिता केंद्रों की स्थापना

संस. बाजपुर : देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में अहमदाबाद में आयोजित मेंटरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा.अतुल उप्रेती ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर को उत्तराखंड के विभिन्न महाविद्यालयों से 39 प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के निदेशक प्रो.सुनील शुक्ला, कार्यक्रम के समन्वयक डा. अमित द्विवेदी व संस्थान के डा. सुमित कुमार, डा.निमिता पांडे एवं कई गणमान्य शिक्षाविदों एवं उद्यमियों द्वारा प्रतिभागियों को उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन



अहमदाबाद में सम्मान प्राप्त करते बाजपुर पीजी कालेज के प्राध्यापक डा.अतुल उप्रेती • जागरण

स्किल, फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रतिभागियों को देवभूमि भूमि उद्यमिता योजना के लक्ष्य एवं चुनौतियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

- अहमदाबाद में आयोजित मेंटरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा.अतुल उप्रेती ने लिया हिस्सा

डा.अतुल उप्रेती ने बताया कि मार्च, 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्रों की स्थापना होगी। विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए 40 बूट शिविरों का आयोजन किया जाएगा, प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी।

हल्द्वानी, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 8

# उद्यमिता विकास में लाई जाएगी तेजी: प्रोफेसर बिष्ट



# डॉ. नंदन बिष्ट बने उद्यमिता विकास के नोडल अधिकारी



**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के डॉ. नंदन सिंह बिष्ट भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे हैं। उन्हें उद्यमिता विकास के क्रियान्वयन का नोडल अधिकारी बनाया गया है। डॉ. बिष्ट ने बताया कि स्थानीय युवाओं को उद्यमिता से •जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

09:15


# उद्यमिता विकास में लाई जाएगी तेजी: प्रोफेसर बिष्ट




**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद गुजरात के तत्वावधान में 5 से 10 दिसंबर तक छह दिन तक दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय अल्मोड़ा से डा. नंदन सिंह बिष्ट ने प्रतिभाग किया। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट द्वारा विश्वविद्यालय में उद्यमिता विकास के क्रियान्वयन को लेकर डा. नंदन सिंह बिष्ट को नोडल अधिकारी नामित किया गया। डा. नंदन बिष्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि मार्च तक सोबन सिंह जीना परिसर में उद्यमिता की दिशा में बेहतर क्रिया कलापों की शामिल कर अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन को लेकर कार्य शुरू किए गए हैं। जिसमें स्थानीय युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने, युवाओं एवं जनमानस को रोजगार उपलब्ध कराने, सामुदायिक विकास की अवधारणा को सफल बनाने, प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचा. लित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उद्यमिता विकास को लेकर समिति गठित कर कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उद्यमिता विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये जायेंगे। परिसर स्तर से लेकर इस कार्यक्रम को संचा. लित कर समुदाय तक पहुंचा जाएगा। अहमदाबाद से डवलपमेंट कार्यकम से लौटे डा. नन्दन सिंह बिष्ट ने कुल. पति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट एवं परिसर निदेशक प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट के सहयोग के लिए आभार जताया।

# उद्यम रोजगार का प्रशिक्षण दिया जाएगा

पुरोला। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड सरकार के तत्वावधान में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात के सहयोग से संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत बीएल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं समेत स्थानीय छोटे लघु उद्यमियों को विशेषज्ञ तकनीकी जानकारी देकर बेहतर उद्यम रोजगार स्थापित करने का प्रशिक्षण चलाया जाएगा। गुजरात के ईडीआईआई अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में 5 दिवसीय ऊधमिता प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर आये महाविद्यालय पुरोला से डॉ. विनय नौटियाल ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में उद्यमिता के प्रति जागरूकता है।

# डा. गुप्ता ने अहमदाबाद में लिया उद्यमिता का प्रशिक्षण

जासं, चंपावत: देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत समावेशी विकास विषय पर उत्तराखंड शासन व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से पांच से 10 दिसंबर तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



डा. दिनेश कुमार गुप्ता● सौ. स्वयं

फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में कार्यरत अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने हिस्सा लिया। डा. गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उद्यमिता, तकनीक माडल, रिस्क बिहेवियर, सेल्फ रेटिंग, उद्यमिता से वर्तमान व भावी जीवन का विकास, लाइब्रेरी का प्रयोग, उद्यमिता में विद्यार्थी पंजीकरण प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी गई। अमोड़ी महाविद्यालय को देवभूमि उद्यमिता का केंद्र बनाया गया है। जहां क्षेत्रवासियों को उद्यमिता के बारे में जागरूक किया जाएगा। प्रदेश में 50 हजार छात्रों को उद्यमिता व स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में 40 हजार उद्यम स्थापित किए जाएंगे।

# छात्रों में छिपे कौशल ही उनके विकास का माध्यम बनेंगे : पंत

## चंपावत कॉलेज में देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र की होगी स्थापना

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंपावत।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना की शुरुआत हो गई है। इस योजना को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से चलाया जा रहा है।

इस संबंध में अहमदाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त वाणिज्य विभाग के डॉ. किरण कुमार पंत ने बताया कि छात्रों में छिपे कौशल ही उनके विकास और इस क्षेत्र के विकास के माध्यम बनेंगे। बताया कि राज्य सरकार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी।

डॉ. पंत ने बताया कि योजना के अंतर्गत चंपावत में अवेरनेस प्रोग्राम, बूट कैंप, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा। इस योजना में नियमानुसार फंडिंग भी उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। इसी क्रम में चंपावत कॉलेज में भी उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने कहा है कि देव भूमि उद्यमिता विकास योजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## देवीधुरा के संस्कृत विभागाध्यक्ष ने भी किया प्रतिभाग

**पाटी (चंपावत)।** राज्य के युवाओं, व्यापारियों को सशक्त उद्यमी बनाने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (गुजरात) में पांच से 10 दिसंबर तक फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. हेम चंद्र ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के सहयोग से महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उद्यमशील बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में 250 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। संवाद

---

## महाविद्यालयों में स्थापित होंगे उद्यमिता केंद्र

**नंदानगर।** राजकीय महाविद्यालय नंदानगर में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत सशक्त युवा-सशक्त उत्तराखंड और मेरा कौशल-मेरी पहचान योजना को सशक्त रुप से सफल बनाने पर व्याख्यान दिया। डॉ. दीपा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को किस प्रकार उद्यमिता के प्रति संवेदनशील बनाना है, इसके लिए महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार की कई ऐसी योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिसका युवा सीधा लाभ ले सकते हैं। संवाद

# महाविद्यालय में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का केन्द्र खुलने से छात्र छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि रामनगर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन, स्किल, फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह केन्द्र खुलने से महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के लक्ष्य एवं चुनौतियां के विषय में प्रशिक्षण देकर छात्र छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में पारंगत किया जाएगा।

मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त महाविद्यालयों में उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए 40 बूट शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ की जाएगी।

# डिग्री कॉलेज रामनगर में बनेगा देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का केन्द्र खुलने से छात्र छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



प्रमाण पत्र प्राप्त करते डॉ .अनुराग श्रीवास्तव

उन्होंने बताया कि रामनगर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बीते दिनों अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन, स्किल,फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह केन्द्र खुलने से महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के लक्ष्य एवं चुनौतियां के विषय में प्रशिक्षण के साथ साथ छात्र छात्राओं को उद्यमिता के विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत किया जाएगा।

मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त राज्य के महाविद्यालयों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

# उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित होंगे चंपावत के युवा : डा. पंत

- ईडीआइआइ अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर लौटे डा. पंत ने दी जानकारी
- उद्यमिता आइडियाज, बिजनेस वैल्यू, बी ब्रांडिंग, फंडिंग सीखेंगे स्थानीय युवा

जासं, चंपावत: उच्च शिक्षा विभाग की ओर से डिग्री कालेजों में देवभूमि उद्यमिता योजना संचालित की जाती है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआइआइ) के सहयोग से संचालित होने वाली योजना से पहले कालेजों के चयनित प्राध्यापक को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



डा. किरण कुमार पंत • सौ. स्वयं

चंपावत पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग के डा. किरण कुमार पंत ने पांच से 10 दिसंबर के बीच ईडीआइआइ अहमदाबाद में प्रशिक्षण लेकर लौट आए हैं। इस दौरान उन्हें देवभूमि उद्यमिता योजना, स्वरोजगार व उद्यमिता कौशल संवर्धन आदि के बारे में जानकारी दी गई। डा. पंत ने बताया कि छात्रों का छिपा कौशल ही उनके विकास का माध्यम बनेगा। प्रशिक्षण में युवाओं का कौशल खोजने के तरीके की जानकारी दी गई। योजना के तहत चंपावत में जागरूकता, बूट कैंप, प्रशिक्षण आदि का आयोजन होगा। उच्च शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक प्रतिभागियों को उद्यमिता आइडियाज, समस्या का चुनाव, बिजनेस वैल्यू, बी ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड के उत्पाद, पर्यटन, आतिथ्य उद्योग, योग, आयुर्वेद, हर्बल मेडिसिन व एरोमेटिक प्लांट्स, फूड प्रोसेसिंग आदि के बारे में जानकारी लेंगे। प्राचार्य डा. चंद्र राम का कहना है कि कार्यक्रम स्थानीय युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगा।

# खबर एक नजर

## फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**देवीधूरा।** उत्तराखंड के युवाओं एवं व्यापारियों को सशक्त एवं उद्यमी बनाने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना देवभूमि उद्यमिता योजना को सफल बनाने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, गुजरात के तत्वावधान में 5 से 10 दिसंबर तक आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा (चंपावत) के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हेम चंद्र द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड सरकार की महत्वपूर्ण और अति महत्वाकांक्षी योजना है। मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उद्यमशील बनाने हेतु 40 बूट कैंप्स का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की वृहद् योजना है। इसके लिए महाविद्यालयों में उद्यमिता शोध केंद्रों की स्थापना होगी। इसके लिए महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



दैनिक बुलन्द वाणी

# राजकीय महाविद्यालय जखोली में होगा देवभूमि उद्यमिता योजना का विकास

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**रुद्रप्रयाग, जखोली।** सशक्त युवा- सशक्त उत्तराखंड एवं मेरा कौशल-मेरी पहचान' जैसे वाक्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्तराखंड राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत मेरा कौशल-मेरी पहचान जैसी अनेकों महती योजनाओं को सशक्त रूप से सफल बनाने के लिए ह्वभारतीय उद्यमिता विकास संस्थानह्व अहमदाबाद, गुजरात के तत्वावधान में 5 से 10 दिसम्बर तक चल रहे छः दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय जखोली (रुद्रप्रयाग) के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० विकास शुक्ला द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस महती योजना के अन्तर्गत शिक्षित युवकों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता कौशल संवर्धन तथा स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही स्टार्टअप आइडिया, समस्या का चुनाव, वैल्यू, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड के उत्पाद, पर्यटन आदि में संभावनाओ के संदर्भ में तथा देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रभावीकरण के विषय में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद में छः दिवसीय प्रशिक्षण में अनेक विद्वानो ने अपने व्याख्यानो से सभी प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, के निदेशक प्रो० सुनील शुक्ला, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ० अमित द्विवेदी व संस्थान के डॉ० सुमित कुमार, डॉ० निमिता पांडे द्वारा उद्यमिता एवम् स्टार्टअप के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों तथा छात्रों में किस प्रकार उद्यमशीलता का विकास करेंगे, इस पर गंभीर चिंतन-मंथन करते हुए विस्तार से चर्चा की। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्रों को किस प्रकार उद्यमिता के प्रति संवेदनशील बनाना है, इसके लिए समय समय पर महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्रों की स्थापना की जाएगी और बूट कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमिता हेतु प्रेरित किया जाएगा। डॉ० विकास शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड सरकार की महत्वपूर्ण और अति महत्वाकांक्षी योजना है , जिसके अंतर्गत उत्तराखंड सरकार की योजना है कि मार्च, 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उद्यमशील बनाने हेतु 40 बूट केम्प्स का आयोजन किया जायेगा, प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की वृहद् योजना है, जिसके लिए महाविद्यालयों में उद्यमिता शोध केंद्रों की स्थापना होगी। इसके लिए महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

# Group Photograph



## List of Participants in the Faculty Mentor Development Programme:

| S.No. | District | Name of College | Name of Faculty |
|---|---|---|---|
| 1 | Almora | Soban Singh Jeena University, Almora | Dr. Nandan Singh Bisht |
| 2 | Almora | Govt. Degree College, Chaukhutia | Mr. Jogendra Kumar |
| 3 | Almora | Govt. P.G. College, Dwarahat | Dr. Prakash Chandra |
| 4 | Bageshwar | Govt. Degree College, Dugnakuri | Dr. Vivek Kumar |
| 5 | Bageshwar | Govt. Degree college, Garur | Dr Shiv Prakash Rai |
| 6 | Chamoli | Govt.Degree College, Talwari | Dr. Shankar Ram |
| 7 | Chamoli | Shree Dev Suman Uttarakhand University Campus (Govt. P.G. College), Gopeshwar | Dr. Rohit Verma |
| 8 | Chamoli | Shaheed Jagdish Prasad Purohit Rajkiy Mahavidyalay, Nandanagar (Ghat) | Dr. Deepa |
| 9 | Champawat | Rajkiya Mahavidyalaya Amori, Champawat | Dr. Dinesh Kumar Gupta |
| 10 | Champawat | Govt. Model Degree College, Devidhura | Dr. Hem Chander |
| 11 | Champawat | Govt. PG College, Tanakpur | Prof. Dr. Sunil Kumar Katiyar |
| 12 | Champawat | Govt. Degree College, Champawat | Dr. Kiran Kumar Pant |
| 13 | Dehradun | Doon University Campus | Dr. Abhilasha Kanujia |
| 14 | Nainital | P N G Govt. P G College, Ramnagar | Dr. Anurag Srivastava |
| 15 | Nainital | Shaheed Shree Khemchandra Daurbi Govt. Degree College, Betalghat | Dr. Ipsita Singh |
| 16 | Nainital | Lal Bahadur Shastri Government Post Graduate College Halduchaur, | Dr. Bipin Chandra Joshi |
| 17 | Nainital | I. P. G. Govt. P.G. College of Commerce, Haldwani | Dr. Rekha Joshi |
| 18 | Nainital | Uttarakhand Open University | Dr. Manoj Kumar Pandey |
| 19 | Pauri Garhwal | DR. P.D.B.H. Govt P.G. College, Kotdwar | Dr. Santosh Kumar Gupta |
| 20 | Pauri Garhwal | Govt. Degree College, Nainidanda | Dr. Archana |
| 21 | Pauri Garhwal | Govt. Degree College, Pabo | Dr. Ganesh Chand |
| 22 | Pauri Garhwal | Rajkiya Mahavidyalaya, Satpuli | Dr. Vipin Chandra |
| 23 | Pauri Garhwal | Govt. Professional College, Banas Paithani | Dr. Gaurav Joshi |
| 24 | Pauri Garhwal | Bharat Singh Rawat Rajkiya Mahavidyalaya, Rikhnikhal | Dr. Vipin Panwar |

| S.No. | District | Name of College | Name of Faculty |
|---|---|---|---|
| 25 | Pauri Garhwal | Govt. Degree College, Pokhra | Dr. Asha Arya |
| 26 | Pithoragarh | Govt. P.G. College, Berinag | Dr. Lalit Chand |
| 27 | Pithoragarh | Govt. Degree College, Muwani | Dr. Raj Kamal Kishor |
| 28 | Pithoragarh | Govt. Post Graduate College, Narayan Nagar | Mr. Teeka Singh |
| 29 | Rudraprayag | Govt. Degree College, Rudraprayag | Dr. Jagmohan Singh Rawat |
| 30 | Rudraprayag | Govt. Degree College, Jakholi | Dr. Vikash Shukla |
| 31 | Rudraprayag | Shri Anusuya Prasad Bahauguna Govt. PG College, Agastyamuni | Dr. Vishnu Kumar Sharma |
| 32 | Tehri Garhwal | Sridev Suman Uttarakhand University, Rishikesh Campus | Prof. Anita Tomar |
| 33 | Tehri Garhwal | Govt. P.G. College, New Tehri | Dr. Hemlata Bisht |
| 34 | Tehri Garhwal | Govt. Degree College, Pawki Devi | Dr. Tanu R Bali |
| 35 | U. S Nager | Maharana Pratap Govt. Degree College, Nanakmatta | Dr. Swati Tamta |
| 36 | U. S Nager | Govt Degree College, Kichha | Dr. Prakash Chandra Bhatt |
| 37 | U. S Nager | Govt. Degree College, Bazpur | Dr. Atul Upreti |
| 38 | U. S Nager | Radhey Hari (R.H.) Govt. P. G. College, Kashipur | Prof. Aditya Kumar Maurya |
| 39 | Uttarkashi | Govt. Degree College, Purola | Dr. Vinay Prakash |